तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 8 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



13 डीईओ के निर्देश पर औचक निरीक्षण...





14 सहगांव उद्वहन सिंचाई परियोजना से 75 गांव ...




## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन आज

**बेमेतरा** । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज 8 मार्च प्रातः 11 बजे से वृहद महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम बेमेतरा शहर के भारत रत्ना पैलेस में आयोजित होगा । जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चंद्रवेश सिंह सिसोदिया ने बताया कि जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम मे विविध गतिविधियों के साथ- साथ महिला सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा । नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर महिला स्वच्छग्राही समूह एव प्रेरक, सफाई कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन को भी सम्मानित भी किया जाएगा।

**सौगात : सांसद बघेल ने रेलवे डीआरएम, विधायक दीपेश, रेलवे वाणिज्यिक प्रबंधक त्रिवेदी की मौजूदगी में किया उद्घाटन**

# जिला मुख्यालय में खुला रेलवे आरक्षण केंद्र, लोगों को मिली बड़ी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेल्वे आरक्षण काउंटर जिला मुख्यालय पर खोले जाने को लेकर नागरिकों मांग की जा रही थी। नागरिकों की इस आवाज पर हरिभूमि ने लगातार समाचार प्रकाशित करते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ साथ प्रशासन तक पहुंचाने की मुहिम चलाई। अंततः इस अभियान पर सफलता मिली ओर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने बड़ी पहल करते हुए जिला मुख्यालय में शुक्रवार रेलवे आरक्षण केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। रेलवे आरक्षण केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर रेल्वे डीआरएम सदानंद सिंह,रेल्वे वाणिज्यिक प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी,विधायक दीपेश ▶▶| शेष पेज 12 पर

- हरिभूमि की मुहिम लाई रंग ,सांसद विजय बघेल की सौगात हुई पूरी

खबर का असर

**खास बातें**

- यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री टिकट सेवा केंद्र बेमेतरा का हुआ शुभारंभ
- बेमेतरा में यात्रियों को मिलेगी आरक्षित टिकट की सुविधा






सुविधा : हरिभूमि की मुहिम और सांसद विजय बघेल की पहल रंग लाई
बेमेतरा क्षेत्र में जल्द खुलेगा रेलवे आरक्षण केंद्र, लोगों को परेशानियों से मिलेगी मुक्ति

### लोगों को परेशानियों से मिलेगी राहत

उल्लेखनीय है कि जिले वासी लंबे समय से रेल्वे टिकट आरक्षण की तकलीफों ओर परेशानियों से निजात दिलाने मांग कर रहे थे। हालंकि स्थानीय पोस्ट ऑफिस में रेलवे टिकिट काउंटर स्थापित है परंतु इसका लाभ आमजनों को नहीं मिल पा रहा था। पोस्ट ऑफिस में कर्मियों की कमी के साथ ही अन ट्रेनर होना भी एक कारण सामने आ रही थी बहरहाल सांसद विजय बघेल की सक्रियता से इस परेशानियों से निजात मिलेगी।

### जिले की जनता का सफर होगा आसानः सांसद बघेल

रेल्वे आरक्षण केंद्र के उद्घाटन करने के पश्चात सांसद विजय बघेल ने मौजूद आमजनों के बीच कहा कि टिकट सेवा केंद्र के माध्यम से वे देश के हर शहरों के लिए आरक्षित टिकिट आसानी से ले सकते हैं । उन्होंने कहा कि बेमेतरा के जागरूक जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने अवगत कराया कि रेलवे टिकिट के काफी मशक्कत करनी पड़ती है ग्रामीण क्षेत्रों के लोग टिकिट आरक्षित कराने पोस्ट ऑफिस के सामने रात भर लाइन लगाते थे उसके बावजूद भी उन्हें यात्रा करने टिकिट नहीं बन पाती थी। सांसद ने बताया यह जानकारी जब पहुंची मैने रेलवे के उच्च अधिकारी से जिला मुख्यालय बेमेतरा आरक्षित केंद्र शीघ्र स्थापित किए जाने का पत्र लिखा गया मेरी इस अनुशंसा पर ध्यान केंद्रित कर रेलवे के अधिकारियों ने आमजनों की परेशानियों को दूर करने टिकिट आरक्षण केंद्र खोला गया जिसके लिए क्षेत्र की जनता की तरफ से उनका आभार व्यक्त करता हूं ।

# नपं देवकर अध्यक्ष सहित पार्षदों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

देवकर नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। भव्य आयोजन नगर पंचायत परिसर में किया गया, जहां देवकर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश सिहोरे और न पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल जहां रहे , वही अध्यक्षता साजा विधायक ईश्वर साहू ने को विशेष अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, राजेंद्र शर्मा, नारद वर्मा, शौर्यजीत सिंह, साजा नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, परमेश्वर वर्मा, नथमल कोठारी मौजूद रहे।

- मिलजुल कर जनता की बुनियादी सुविधाओं पर कार्य करे, मेरा सहयोग हमेशा रहेगा : सांसद बघेल

### सत्यनारायण कथा पूजा का किया आयोजन

कार्यक्रम के शुरूआत पूर्व अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने सपरिवार नगर पंचायत परिसर में श्री सत्यनारायण कथा पूजा अर्चना कर नगर वासियों के सर्वांगीण विकास की मंगल कामना के लिए की। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा कि वे नगर के विकास हेतु केंद्र व प्रदेश सरकार से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे, ताकि नगर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो और नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। उन्होंने कहा कि नगर की बुनियादी सुविधाओं में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षद एक जुट हो कर बेहतर काम करें ,इसके अलावा उन्होंने का चुनाव लड़ना ओर विजय होना जितना कठिन है उतना ही जन भावनाओं के कार्य को पूरा करने कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है । विधायक ईश्वर साहू ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षद जनों को बधाई देते हुए उन्हें हरसंभव जनता व नगर के विकास कार्यों में सहयोग देने की बात कही । संबोधन के पूर्व अनुविभागीय ▶▶| शेष पेज 12 पर

# नपा बेमेतरा के उपाध्यक्ष पद पर भाजपा के अशोक 15 मत से विजयी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका परिषद में उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ जहां भाजपा के पार्षद अशोक शर्मा 15 मत पाकर उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए उनकी प्रतिदिन भी कांग्रेस नेत्री एवं पार्षद रीता पांडेय को 7 मत मिले। नगर पालिका बेमेतरा में 21 पार्षद है जिनमें 13 पार्षद भाजपा से है वही 7 पार्षद कांग्रेस से निर्वाचित हुए हैं ओर एक पार्षद निर्दलीय जीत हासिल किया है।

- बहुमत के चलते भाजपा ने आसानी से जीत लिया उपाध्यक्ष पद

नपा में बहुमत के चलते भाजपा का उपाध्यक्ष पद आसानी से जीत लिया । नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अशोक शर्मा को 13 पार्षदों के साथ ही निर्दलीय पार्षद ओर अध्यक्ष का एक मत प्राप्त हुआ इस तरह उन्हें 15 मिले ओर कांग्रेड के सातों मत एकजुट रहे । इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अशोक शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते कहा नगर पालिका में उपाध्यक्ष का पद अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यह नगर की जनता की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को गति देने का प्रमुख माध्यम है। अशोक शर्मा कर्मठ, जुझारू और जनता के प्रति समर्पित व्यक्ति हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।"

### जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प

अपने संबोधन में अशोक शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे नगर के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य करते हुए बेमेतरा को एक आदर्श नगर बनाने का प्रयास करेंगे ।▶▶| शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप



### गुरु घासीदास बाबा ने समानता और मानवता का दिया संदेश

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी गुरुवार को बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौधपुरी धाम पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा, बाबा गुरु घासीदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने समानता, न्याय और मानवता का संदेश दिया था। आज हमें उनके आदर्शों को अपनाकर छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध और खुशहाल राज्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की सरकार को बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांतों पर चलते हुए राज्य के विकास और जनकल्याण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। गिरौधपुरी धाम में श्री जोगी के साथ पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक, उपाध्यक्ष अशोक सोनवानी, विधि प्रकोष्ठ के नेता अधिवक्ता आनंद मुगरी भी उपस्थित थे।

### सोनू को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने सोनू कुमार मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।



उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा अध्ययन की परंपरा और डॉ.विनय कुमार पाठक विषय पर हिंदी में शोध किया है। उन्होंने अपना शोधकार्य शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सविता मिश्रा के मार्गदर्शन में पूरा किया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. सविता मिश्रा वर्तमान में शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम, जिला गरियाबंद में बतौर प्राचार्य पदस्थ हैं।

### पेट्रोल पंप संचालक से लूट, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** माना थाना क्षेत्र के कमल विहार चौक के पास तीन दिन पूर्व सोमवार को पेट्रोल पंप संचालक के साथ मारपीट कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने कारोबारी की कार को बाइक से ठोकर मारकर उनके साथ विवाद कर लूट की थी। हरीश अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने लूट के आरोप में बलराज मानिकपुरी उर्फ सन्नी, लोकेश यादव उर्फ लल्ला, कुलदीप सिंह उर्फ मोंटू को गिरफ्तार किया है। हरीश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को अपनी कार से समता कालोनी स्थित घर जा रहा था। इस दौरान बदमाशों ने उसकी कार को ठोकर मार दी और कार को ओवरटेक कर रोक लिया। फिर कारोबारी को कार से निकालकर उनके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल को जमीन पर पटक कर तोड़ दिया और कारोबारी की जेब में रखे कैश 76 हजार रुपए लूटकर मौके से फरार हो गए। बलराज की निशानदेही पर पुलिस ने उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार किया।

# रीएजेंट घोटाला मामले में दूसरे दिन एक और आईएएस अफसर से पूछताछ, कई अन्य को पूछताछ के लिए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रीएजेंट, उपकरण आपूर्ति करने के नाम पर 660 करोड़ रुपए के घोटाला करने के मामले में सीजीएमएससी के तत्कालीन एमडी चंद्रकांत वर्मा से पूछताछ के बाद गुरुवार को ईओडब्लू ने तत्कालीन स्वास्थ्य संचालक भीम सिंह को पूछताछ करने तलब किया। सीजीएमएससी के इस महाघोटाला मामले में ईओडब्लू अब तक तीन आईएएस अफसरों से पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक रीएजेंट तथा उपकरण आपूर्ति घोटाला मामले में जांच एजेंसी ने सीजीएमएससी से जुड़े अन्य अफसरों के साथ कर्मियों की लंबी सूची तैयार की है। जांच एजेंसी ने जिन लोगों के नामों की सूची तैयार की है, उनको पूछताछ करने नोटिस जारी कर रही है।

सीजीएमएससी घोटाले को लेकर ईओडब्लू ने पिछले महीने रायपुर तथा दुर्ग में छापे की कार्रवाई करते हुए मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा के यहां छापे की कार्रवाई करने के बाद गिरफ्तार किया है, जो वर्तमान में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। घोटाले को शशांका चोपड़ा ने कैसे अंजाम दिया, घोटाले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, इस बात की जानकारी जुटाने ईओडब्लू सीजीएमएससी के तत्कालीन अफसरों से पूछताछ कर रही है।

## बुधवार को सीजीएमएससी के तत्कालीन एमडी से ईओडब्लू ने की थी पूछताछ


660 करोड़ के घोटाले में पहली बार आईएएस से पूछताछ, ईओडब्लू के अफसरों ने छह घंटे तक दागे सवाल
दूसरे बड़े एक्शन की तैयारी, मोक्षित कार्पोरेशन का एमडी अभी जेल में

हरिभूमि फॉलोअप

■ ईओडब्लू मोक्षित कार्पोरेशन के घोटाले की कड़ियां जोड़ने में जुटी

### ऑडिट रिपोर्ट में गड़बड़ी पकड़ी गई

मोक्षित कार्पोरेशन ने रीएजेंट तथा उपकरण आपूर्ति करने कैसे घोटाले को अंजाम दिया, इस बात का खुलासा ऑडिट रिपोर्ट सामने आने के बाद हुआ। इस संबंध में भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट) यशवंत कुमार ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार पिंगआ को इस घोटाले को लेकर पत्र लिखा था। वित्तीय वर्ष 2022-24 और 2023-24 के दस्तावेजों की जांच के दौरान ऑडिट टीम ने पाया कि बिना बजट आवंटन के 660 करोड़ रुपये की खरीदी की गई थी। कई अस्पतालों को जरूरत से ज्यादा रीएजेंट और उपकरण सप्लाई किए गए, जबकि कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त संसाधन ही उपलब्ध नहीं थे।

## नवा रायपुर के ग्राम चेरिया के प्रभावित 5 किसानों को अब तक नहीं मिला मुआवजा

# जमीन अधिग्रहण कर एक साल पहले बनी सड़क मुआवजे के लिए अब तक भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग ने नवा रायपुर में ग्राम चेरिया से पौंता के बीच सड़क का निर्माण किया है। इस सड़क निर्माण कार्य में गांव के कुछ किसानों की जमीनें भी आ रही थीं, जिसका अधिग्रहण किया गया था।

इसके बाद ही यहां सड़क का निर्माण किया गया, लेकिन इस सड़क को बने अब एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है, पर अब तक प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि मिल नहीं पाई है। ये किसान लगातार लोक निर्माण विभाग के दफ्तर का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा उन्हें मुआवजा की जगह सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। नवा रायपुर के ग्राम चेरिया से ग्राम पौंता के बीच करीब 4 किलोमीटर


फाइल फोटो

नई सड़क के निर्माण कार्य प्रस्ताव को स्वीकृति मिली थी। इस सड़क का निर्माण कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई थी, लेकिन सड़क के निर्माण में ग्राम चेरिया के कुछ किसानों की जमीनों के कुछ हिस्से भी आ रहे थे। जिन किसानों की जमीन सड़क निर्माण में आ रही थी, उन किसानों को प्रशासन द्वारा भरोसा दिया गया था कि जितनी जमीन अधिग्रहित की जाएगी, उसके बदले उन्हें मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन सड़क का निर्माण होने के एक साल बाद भी गांव के 5 किसानों को मुआवजा राशि मिल नहीं पाई है। ये किसान लगातार मुआवजा राशि को लेकर विभाग के दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। प्रभावित किसानों में सोनसाय तारक, पुनीतराम पाल, मधु ध्रुव एवं अन्य दो शामिल हैं।

इन किसानों ने बताया कि मुआवजा के लिए जब भी वे दफ्तर जाते हैं, वहां बैठे अधिकारी यही कहकर लौटा देते हैं कि आदेश जारी होते ही उन्हें मुआवजा मिल जाएगा।

# बीबीए का नहीं सुधर रहा हाल नए पाठ्यक्रम से पहली परीक्षा इसमें भी 59% ही हो सके उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लाख कोशिशों के बाद भी रविवि के बीबीए पाठ्यक्रम के परिणाम सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। बीबीए तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम रविवि ने गुरुवार को जारी कर दिए। इसमें 706 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से मात्र 59.49 प्रतिशत छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। शेष 41 प्रतिशत छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। अब ये छात्र अगले वर्ष प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के साथ अपने एटीकेटी विषयों की परीक्षाएं दिलाएंगे।

बीबीए सहित 12 विभिन्न कक्षाओं के परिणाम रविवि ने घोषित किए हैं। इसमें बीसीए भी शामिल है। अन्य विषयों के साथ बीसीए में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। एनईपी के मुताबिक करिकुलम में कई तरह के बदलाव किए गए हैं। इस बदलाव के बाद जनवरी-फरवरी में पहली बार परीक्षा आयोजित की गई। बीसीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में 884 छात्र शामिल हुए। इनमें से 555 अर्थात 62.78 प्रतिशत छात्र ही सफल हो सके। शेष 329 छात्रों को रविवि ने एटीकेटी श्रेणी में रखा है।

### वार्षिक का मूल्यांकन दूसरे पखवाड़े से

रविवि की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब रविवि द्वारा वार्षिक परीक्षाओं का केंद्रीय मूल्यांकन कराया जा रहा है। मूल्यांकन कार्य होली के बाद मार्च के दूसरे पखवाड़े से प्रारंभ करने की तैयारी है। 15 जून से नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व रविवि ने इनके परिणाम जारी करने का लक्ष्य रखा है।

### शारीरिक शिक्षा के परिणाम उत्कृष्ट

अन्य विषयों की तुलना में शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम के परिणाम बेतहर रहे हैं। बीपीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में 418 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 94.5 प्रतिशत उत्तीर्ण रहे हैं। 8 को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है तथा 15 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। एमपीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा दिलाने वाले 48 छात्रों में से 47 उत्तीर्ण रहे हैं। सिर्फ एक विद्यार्थी ही अनुत्तीर्ण रहा है। बीपीएड चतुर्थ सेमेस्टर एटीकेटी की परीक्षा में शामिल एकमात्र छात्र को भी रविवि उत्तीर्ण घोषित किया है। एमएससी फिजिक्स तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 157 में से 143 उत्तीर्ण रहे हैं। एमएससी बायोटेक, बीफार्मा एटीकेटी सहित सभी विषयों के परिणाम रविवि ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

# एयरटेल वालों ने किया पाइप लाइन डेमेज, रमण मंदिर वार्ड के रहवासी रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित रमण मंदिर वार्ड में पिछले एक सप्ताह से नर्मदापारा और चूना भट्ठी इलाके में अचानक पीने के पानी की समस्या आ रही थी। वार्डवासियों की पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए पार्षद सूर्यकांत राठौर ने गुरुवार को जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे के साथ वार्ड के समीप रेलवे स्टेशन के पास पाइप लाइन ट्रेस किया। उन्हें वहां पर पाइप लाइन में 2 जगह लीकेज मिले। यह लीकेज एयरटेल कंपनी द्वारा केबल डालने के कार्य के दौरान पाइप लाइन डेमेज होने से हुआ है। पाइप लाइन डेमेज करने के लिए एयरटेल कंपनी पर 50 हजार रुपये जुर्माना करने के निर्देश दिये हैं।

# अप्रैल से मिलेगा बढ़े हुए डीए के साथ वेतन, वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

**1 मार्च से बढ़ा हुआ डीए का आदेश होगा लागू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश वित्त विभाग ने जारी कर दिया है। वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि यह महंगाई भत्ता 1 मार्च से लागू किया गया है। इसका लाभ 1 अप्रैल से कर्मचारियों को मिलने लगेगा।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 3 मार्च को छत्तीसगढ़ के बजट में डीए बढ़ाए जाने की घोषणा की थी। उसके बाद गुरुवार को वित्त विभाग की ओर से इससे संबंधित आदेश जारी किया गया है। वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश में छठवें वेतनमान में 1 मार्च से 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। साथ ही 7वें वेतनमान में 1 मार्च से 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ाए गए डीए के बाद अब प्रदेश में सातवें वेतनमान का महंगाई भत्ता 53 प्रतिशत पर पहुंच गया है, वहीं छठवें वेतनमान में महंगाई भत्ता 246 प्रतिशत पहुंच गया है।

## डीए 3 प्रतिशत बढ़ने से कर्मियों को 1500 से लेकर अफसरों को 6 हजार 375 रुपए हर महीने लाभ




छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा बजट में शासकीय कर्मियों को दिए जाने वाले डीए को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 53 प्रतिशत किया गया है। सरकार के इस फैसले से शासकीय कर्मियों से लेकर अधिकारियों को एक मार्च से बढ़ा हुई राशि मिलेगी। चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को यह लाभ 544 रुपए से लेकर 1500 रुपए और प्रथम श्रेणी अफसरों को 2250 रुपए से लेकर 6375 रुपए प्रतिमाह मिलेगा।
इसी क्रम में तृतीय श्रेणी के कर्मियों के 638 रुपए से लेकर 2275 रुपए, द्वितीय श्रेणी अधिकारियों को 1800 से लेकर 5325 रुपए तक का लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ में शासकीय कर्मियों की संख्या 3 लाख 84 हजार है, इन सभी को बढ़े हुए डीए का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा डीए की घोषणा बजट में किए जाने से पहले शासकीय कर्मियों के संगठन ने सरकार के सामने अपनी मांगें रखी थीं।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री एवं मुख्यसचिव को पत्र लिख कर केंद्र तथा अन्य राज्यों की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों अधिकारियों एवं पेंशनरों को 3% मंहगाई भत्ता एवं मंहगाई राहत दिए जाने की मांग की थी । संयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता संजय तिवारी ने कहा था कि केंद्र तथा उत्तरप्रदेश राजस्थान , आसाम सहित अन्य राज्यों के कर्मचारियों को इस समय 53% मंहगाई भत्ता दिया जा रहा है जबकि छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों को केवल 50% मंहगाई भत्ता दिया जा रहा है। इसलिए अतः राज्य कर्मियों को भी जुलाई 2024 से प्रतिशत डी ए दिया जाना चाहिए , इसी तरह केंद्र एवं मध्यप्रदेश सहित अन्य भाजपा शासित राज्यों ने जनवरी 2024 से प्रतिशत डीए स्वीकृत किया जबकि छत्तीसगढ़ में अक्टूबर माह से 4 प्रतिशत डी ए स्वीकृत किया गया है। इसलिए 9 महीनो का एरियर्स राशि का एकमुश्त भुगतान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को दिया जाना चाहिए।

# निगम के नए आयुक्त विश्वदीप ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आईएएस अफसर विश्वदीप ने गुरुवार को निगम मुख्यालय में निगम आयुक्त और रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक का पदभार संभाल लिया है। निवृत्तमान आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने उन्हें पदभार सौंपा। श्री मिश्रा को धमतरी जिले का कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, जसदेव सिंह बाबरा सहित अधिकारी व कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद निगम आयुक्त विश्वदीप ने अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर कार्यों की जानकारी ली। इसके साथ स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2024 की नगर पालिका निगम रायपुर क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारी के प्रगति पर चर्चा की। नवपदस्थ आयुक्त ने 7 मार्च को दोपहर 12 बजे से निगम मुख्यालय के चतुर्थ तल पर सामान्य सभागार में आयोजित प्रथम सम्मिलन बैठक में प्रशासनिक दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

- धमतरी के नवपदस्थ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने उन्हें पदभार सौंपा
- नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने बुके देकर दी शुभकामनाएं



### मुख्य मार्ग से हटाये ठेले, गुमटी

**रायपुर।** जोन 5 के नगर निवेश विभाग द्वारा पुलिस थाना बल यातायात विभाग के सहयोग से श्रमिको की टीम सहित आमापारा चौक से अनुपम गार्डन तक अभियान चलाया गया। इस दौरान संबंधित मार्ग से 7 ठेले हटाये, 2 ठेलों को जप्त कर लिया। साथ ही अतिक्रमण करने वालों पर 3 हजार रुपये जुर्माना किया।

# संपत्तिकर जमा नहीं किया, 2 बड़े बकायादार की फर्म को किया सीलबंद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का राजस्व महकमा 300 करोड़ के राजस्व वसूली टारगेट को पूरा करने इन दिनों बड़े बकायादारों पर फोकस कर रहा है। गुरुवार को नगर निगम जोन 10 की टीम ने दो बड़े बकायादार द्वारा डिमांड बिल नोटिस की अंतिम सूचना देने के बाद भी संपत्तिकर जमा नहीं करने पर संबंधित फर्म को सीलबंद करने की कार्रवाई की। इनमें बोरियाखुर्द के श्रीराम कंस्ट्रक्शन और प्रोग्रेसिव पाइंट स्थित हॉटल हंट ड्राइव मोनिका रियल बिल्डकाम की फर्म शामिल है। नगर निगम जोन 10 के राजस्व विभाग ने कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के बड़े बकायेदार श्रीराम कंस्ट्रक्शन बोरियाखुर्द द्वारा बकाया राशि 10 लाख 17 हजार रुपये के संपत्ति कर का भुगतान अंतिम सूचना देने के बाद भी नहीं करने पर संबंधित फर्म को सीलबंद करने की कार्रवाई की। इसी तरह एक अन्य बड़े बकायादार प्रोग्रेसिव पॉइंट होटल हंट ड्राइव मोनिका रियल बिल्डकॉम द्वारा बकाया राशि 33 लाख 37 हजार 118 रुपये का संपत्ति कर बकाया डिमांड बिल की अंतिम सूचना देने के बाद भी जमा नहीं किये जाने पर बकायादार के सम्बंधित फर्म को सीलबंद करने की कार्रवाई की। धमतरी रोड में कलर्स माल के सामने पारेख शो रूम द्वारा बकाया राशि 8 लाख 79 हजार 111 रुपये का बकाया संपत्ति कर जमा नहीं करने पर 3 दिनों के भीतर बकाया संपत्ति कर जमा करने की हिदायत दी है। इसी तरह बड़े बकायादार होटल उत्सव रेसीजन्सी एवं कोल्ड रेस्टोरेंट के डायरेक्टर को 11 लाख 89 हजार 312 रुपये अदा नहीं किये जाने पर 3 दिनों के भीतर अपनी सम्पतिकर बकाया राशि अदा करने की कड़ी हिदायत दी गयी है। ऐसा नहीं करने पर संबंधित फर्म को सीलबंद करने की चेतावनी जोन 10 के सहायक राजस्व अधिकारी द्वारा स्थल पर दी गई।

पेज 11 के शेष

### जिला मुख्यालय में खुला ...

साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में उक्त रेलवे आरक्षण केंद्र जनता को समर्पित किए।

गौरतलब हो कि लंबे से रेलवे टिकिट आरक्षण के लिए जूझ रहे आमजनों की मांग पर क्षेत्र के सांसद विजय बघेल की घोषणा पश्चात रेलवे ने जिला मुख्यालय में रेलवे आरक्षण केंद्र की स्थापना कर दी गई।अब जिले के यात्री टिकट सेवा केंद्र के जरिए बिना किसी परेशानी के रेलवे यात्रा के लिए आरक्षित टिकट उपलब्ध मिलना शुरू हो गया है। इसी कड़ी में रेलवे द्वारा बेमेतरा वासियों की सुविधा के लिए वाई टी एस के की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसका शुक्रवार 07 मार्च को सांसद विजय बघेल ने आमजनों की मौजूदगी में शुभारंभ किया इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दिपेश साहू एवं मंडल रेल प्रबंधक दयानंद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी उपस्थित रहे।

रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत यह 13 वां यात्री टिकट सेवा केंद्र है यह टिकट बिक्री काउंटर स्थापित करने और आरक्षित और अनारक्षित रेलवे टिकट बेचने की अनुमति देता है। यात्री टिकट सेवा केंद्र (संचालक) कम्प्यूटरीकृत टर्मिनलों के माध्यम से आरक्षित रेल टिकिट बेचते हैं। वाईटीएसके की अवधारणा और शुरुआत आरक्षित और अनारक्षित दोनों तरह की टिकटों की सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से की गई थी। इससे यात्रियों को लाभ होगा क्योंकि उन्हें स्टेशन जाने के बजाय नज़दीकी बाज़ार में वाईटीएसके से निर्धारित सर्विस चार्ज के साथ टिकट की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

इनके कार्य का समय सामान्य आरक्षण 08:30 से (रविवार छोडकर) 22:00 बजे तक, रविवार को 8:30 से 20:00 बजे तक एवं तत्काल बुकिंग उच्च श्रेणी 10:30 बजे से तथा निम्न श्रेणी 11:30 बजे से रहेगी। टिकिट आरक्षण केंद्र के उद्घाटन के पूर्व बेमेतरा टिकट सेवा केंद्र के संचालक आकाश रोहरा एवं जनप्रतिनिधियों ने सांसद विजय बघेल व विधायक दीपेश साहू सहित मंडल रेल प्रबंधक दयानंद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी का पुष्पहार से स्वागत करते हुए अभिनंदन किए । इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू,पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, हर्षवर्धन तिवारी, होरीलाल सिन्हा ,शंकर रोहरा , जगदीश रोहरा ,अनिल माहेश्वरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**सांसद की सौगात पर, नागरिकों में हर्ष, जताया आभार :** रेल्वे टिकिट आरक्षण काउंटर खोलने की घोषणा पूरी करने पर जिले के आमजनों व्यापारियों व सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने हर्ष जताते हुए सांसद विजय बघेल का आभार जताया। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पदाधिकारी केशव मोटवानी ने कहा सांसद की पहल उनकी जागरूकता को दर्शाता है।पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा सांसद विजय बघेल हमेशा क्षेत्र की समस्यों को पूरा करने जहां तत्पर रहते वही वे एक सरल सहज जनप्रतिनिधि के रूप में पहचाने जाते हैं। श्री सिन्हा ने बताया कि इस मांगा पर को लेकर उनके निवास पहुंचकर अवगत कराया गया था उन्होंने तुरंत रेल्वे अधिकारियों से चर्चा करते हैं अनुशंसा पत्र लिखकर दिए । रेल्वे टिकिट आरक्षण काउंटर खोले जाने पर सांसद का आभार व्यक्त करने वालों में नीरज चांडक , दिलीप बंटी चाचा , राकेश मोहन शर्मा ,गौरव साहू, दीपक मोटवानी, विकास तंबोली, शिवम तिवारी, पार्षद नीतू कोठारी सहित क्षेत्र के राजनीतिक सामाजिक व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लोग रहे ।

### सत्यनारायण कथा ...

अधिकारी धनीराम रात्रें ने अध्यक्ष व पार्षदों को बारी-बारी से शपथ दिलाई। समारोह का समापन नगर के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ हुआ, जिससे देवकर नगर के भविष्य की नई आशाएं और संभावनाएं जुड़ी हैं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी केसराम साहू, इंजीनियर संजय मोटवानी, लेखपाल गजाधर यादव सहित नगर पंचायत के समस्त स्टाफ व स्थानीय नेता और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### नपा बेमेतरा में उपाध्यक्ष ...

ये रहे मौजूद इस अवसर पर चुनाव प्रभारी प्रदीप गाँधी, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, होरी लाल सिन्हा, हर्षवर्धन तिवारी, पार्षद विकास तम्बोली, गौरव साहू, लक्की साहू, निखिल साहू, चांदनी रोशन दत्ता, पंचू साहू, नीतू कोठारी, रवि मुलवानी, खिलेश्वरी शिव पाटिल, सजनी यादव, राजकुमार खांडे, आकिब मलकानी, सिमरन ताम्रकार, संतोष वर्मा, विकाश घरडे, धर्मेंद्र साहू, महेश साहू, नीलू राजपूत, गोलू कोशले, राजीव तम्बोली नरेश साहू केशव साहू दीना नाथ साहू, भानुरामसाहू ओमप्रकाश सलुजा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नपाध्यक्ष प्रतिभा चौधरी का मुस्लिम समाज ने शॉल भेंट कर किया स्वागत

**बालोद**। नगर पालिका अध्यक्ष बनने के बाद प्रतिभा चौधरी का बालोद मुस्लिम समाज के लोगों ने जामा मस्जिद बालोद में शॉल भेंट कर स्वागत किया। वहीं मुस्लिम समाज का दो–तीन प्रमुख मांग को मुस्लिम समाज के अध्यक्ष शाहिद खान ने बालोद नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी को पूरा करने की मांग की, जिस पर नगर पालिका के अध्यक्ष ने अपनी सहमति प्रदान की है और कहा है कि मैं शपथ लेने के बाद निश्चित तौर पर समाज का जो भी प्रमुख मांग है उसको पूरा करूंगी।

### लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण परेशान

**डौण्डीलोहारा**। वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान हैं, अभी ठीक से गर्मी चालू नहीं हुई है, फिर भी लो वोल्टेज की समस्या से लोगों की परेशानी बढ़ गई है, लो वोल्टेज के कारण बोर नहीं चल पा रहा है, जिससे पीने के पानी की समस्या विकराल हो रही है, ग्रामीणों को बहुत दूर-दूर से पानी लाने के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, फिर से हैंडपंप सहारा लेना पड़ रहा है, बिजली की सप्लाई सही मात्रा में नहीं हो रहा है, बिजली अधिकारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि घरों घर केपेसीटर लगाने पर कुछ हद तक समस्या का निराकरण हो सकता है, इस अवसर पर जयेश जैन, संतोष गुप्ता पालसिंग यादव ,चंद्रशेखर निषाद, रितेश निषाद, नेमन साहू और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### अपर कलेक्टर ने किया कृषक उद्यानिकी परिक्षेत्र का भ्रमण

**बालोद**। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने आज जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम भोथली तथा ओरमा में कृषक उद्यानिकी परिक्षेत्र का भ्रमण कर जिले में उद्यानिकी फसलों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कौशिक ने कृषकों से बातचीत कर उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में लगने वाली कुल लागत, आमदनी एवं इसकी बिक्री की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। बालोद विकासखण्ड के ग्राम ओरमा के कृषक उद्यानिकी परिक्षेत्र में कृषक गिरधारी लाल निषाद ने बताया कि वे 01 एकड़ में टमाटर तथा 01 एकड़ भूमि में करेले की खेती कर रहे हैं। उनके द्वारा ड्रीप एवं माल्चिंग पद्धति से इन फसलों की खेती की जा रही है। कृषक गिरधारी लाल ने बताया कि वर्तमान में करेले की खेती में 35 से 40 क्विंटल का उत्पादन हो रहा है। इसके साथ–साथ उन्होंने प्रति एकड़ 40 टन टमाटर उत्पादन होने की संभावना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि करेले की खेती की लागत प्रति एकड़ 80 हजार से 01 लाख तक फसल चक्र में आ जाता है। उन्होंने करेले की खेती से 02 से सवा 02 लाख तक आमदनी होने की जानकारी दी। कृषक ने बताया कि टमाटर एवं करेले की फसल में स्टीकी ट्रेप तथा फेरोमोन ट्रेप का उपयोग किया जाता है। जिससे कीटों का प्रबंधन होता है और फसल उत्पादन में लागत भी कम आती है।

# कृषि विज्ञान केंद्र में प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम का निरीक्षण

## प्रक्षेत्र प्रभारी ने दी विवि की टीम को प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम की विस्तृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बेमेतरा में रबी 2024-25 के अंतर्गत गेंहू की उन्नत किस्म 'कनिष्का' का प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम 8 हेक्टेयर क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है। इसी के निरीक्षण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित विशेषज्ञ टीम ने प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान केवीके प्रमुख श्री तोषण कुमार ठाकुर एवं प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. लव कुमार ने टीम को प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। टीम ने खेतों का दौरा कर फसल की स्थिति का आकलन किया और संतोषजनक प्रदर्शन की सराहना की। समय पर बुवाई और समुचित देखभाल के कारण गेंहू की फसल उत्कृष्ट स्थिति में पाई गई। गौरतलब है कि गत वर्ष रबी सीजन में इस प्रक्षेत्र में चना फसल का बीज उत्पादन कार्यक्रम संचालित किया गया था, जबकि इस वर्ष गेंहू का प्रजनक बीज उत्पादन किया जा रहा है। इसके साथ ही आधार एवं प्रमाणित बीज उत्पादन कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है।



### बीज प्रसंस्करण केंद्र एवं गोदाम का भी किया अवलोकन

निरीक्षण दल ने केवीके में स्थित बीज प्रसंस्करण केंद्र एवं गोदाम का भी अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि केवीके द्वारा उत्पादित प्रजनक बीज राष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान एवं बीज उत्पादन केंद्रों की मांग के अनुसार तैयार किया जाता है, जिसमें गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन किया जाता है। निरीक्षण दल ने केवीके की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए बीज उत्पादन कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

**निरीक्षण दल में ये रहे शामिल :** निरीक्षण दल में अखिल भारतीय बीज अनुसंधान परियोजना (क्रॉप) के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. आर.के. वर्मा, वैज्ञानिक डॉ. ओम नारायण वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्थान की श्रीमती रामेश्वरी नेताम, बीज प्रक्रिया केंद्र, पथर्रा बेमेतरा से श्री संदीप सोनकर, तथा राष्ट्रीय बीज परियोजना, रायपुर से डॉ. नीरज यादव शामिल रहे।

## जायजा : भद्राली स्कूल में रोजाना चार में से एक ही शिक्षक प्रार्थना में होते हैं शामिल

# डीईओ के निर्देश पर औचक निरीक्षण, गप्प मारते हुए मिले शिक्षक, बाहर खेलते मिले बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बाकी शिक्षक अपने मनमर्जी से शाला आते जाते हैं
- प्रधान पाठक अपने घर में रखते हैं कैश बुक व अन्य रिकॉर्ड

जिला अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के निर्देश पर निरीक्षण टीम विभिन्न स्कूलों पहुंच कर जांच कर रही है। इसी के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदनू का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कुल पाँच कमरों में कुल 115 बच्चों में से 114 बच्चे शांतिपर्वक व सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा देते हुए मिले। समस्त कर्मचारियों को अपने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी व अनिवार्य रूप से करने का दिशा निर्देश का पालन सुनिश्चित करें।

तत्पश्चात शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल भदराली, विकास खंड नवागढ़ का भी औचक निरीक्षण किया गया, बच्चे 12:50 मिनट पर बाहर खेलते हुए व प्रधान पाठक संजय प्रसाद पयासी, धनसिंह ध्रुव, नीलकंठ अनंत शिक्षक गप मारते हुए मिले तथा मात्र एक शिक्षक चंद्रशेखर पटेल शिक्षक कक्षा आठवीं में बच्चों के पढ़ाई कराते अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए मिले। चार में से केवल एक शिक्षक प्रत्येक दिन प्रार्थना में उपस्थित रहते अन्य अपने मन के मर्जी से शाला पहुँचते है।



### ठीक से नहीं हो पाई है पढ़ाई

स्कूल में कक्षा आठवीं में हिंदी जैसे विषयों की भी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाई है। पूछने पर पता चला कि हिंदी विषय के लिए किसी शिक्षक को प्रधान पाठक ने जवाबदेही तय नहीं किया है। समय सारणी का निर्माण भी अधूरा व गलत बनाया गया है।

### मांगा गया स्पष्टीकरण

स्कूल की पोताई भी आज पर्यंत तक नहीं कराई गई है, जगह जगह प्लास्टर उखड़ गए हैं पर प्रधान पाठक द्वारा अनुदान राशि का सही सही उपयोग न करने तथा समस्त कैशबुक रिकॉर्ड को घर पर रखना, गंभीर घोर लपरवाही के लिए तीनों शिक्षक तथा संकुल शैक्षिक समन्वयक बलीराम ध्रुव व संकुल प्रभारी (प्राचार्य) के लिए स्पष्टीकरण जारी किया गया है। हाई स्कूल भदराली में भी छः व्याख्याता में से चार विभिन्न प्रकार के कार्य गौकरण पाटिल बोर्ड परीक्षा केंद्राध्यक्ष, नीलिमा साहू संतान पालन अवकाश, महेश्वरी साहू मातृत्व अवकाश, अनिता साहू पर्यवेक्षक कार्य में होते हुए भी एक व्याख्याता संतोष कुमार दीवान जो दोनों पैरों विकलांग है, उनके भरोसे छोड़, बिना किसी सूचना के प्रभारी प्राचार्य धर्मपाल सिंह वर्मा व्याख्याता एलबी नदारद मिले। निरीक्षण टीम शिक्षा विभाग के एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, युवराज सिंह बनाफर, तृप्ति वर्मा, अनिल घृतलहरे साथ में थे।

# पीएम अन्नदाता आय संरक्षण योजना के तहत किया जा रहा किसानों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पीएम आशा योजना के अंतर्गत कृषकों का पंजीयन प्रारंभ

जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण योजना (पीएम आशा योजना) के अंतर्गत कृषकों का एकीकृत कृपक पोर्टल पर पंजीयन प्रारंभ हो गया है। इस योजना के तहत कृषकों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर उनकी फसलों का उपार्जन किया जाएगा, जिससे उनकी आय में स्थिरता बनी रहे और उन्हें उचित बाजार मूल्य प्राप्त हो सके।

**खरीफ और रवी फसलों का समर्थन मूल्य पर उपार्जनः** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन की फसलें तथा रवी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए चना, मसूर और सरसों की फसलें प्रधानमंत्री आशा योजना के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) में शामिल की गई हैं। इन फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जाएगा, ताकि किसानों को उनके उत्पादन का बेहतर मूल्य मिल सके। बेमेतरा जिले में कृषकों की सुविधा के लिए विभिन्न विकासखंडों में उपार्जन और भंडारण केंद्रों को अधिसूचित किया गया है। इनमें निम्नलिखित सेवा सहकारी समितियाँ शामिल हैं जिसमे बेमेतरा विकासखंडः दाढी, खण्डसरा, नवागढ़ विकासखंडः नवागढ़, साजा विकासखंडः थानखम्हरिया, ठेलका, साजा, परपोडी, बेरला विकासखंडः देवरबीजा, बेरला में किसान अपनी फसल बेचने के लिए इन अधिसूचित सेवा सहकारी समितियों में आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन प्रक्रिया : कृषक अपने नजदीकी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से या सीधे सेवा सहकारी समितियों में जाकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। पंजीयन के लिए निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी जिसमे ऋण पुस्तिका बैंक पासबुक की छायाप्रति, खरीफ फसलों (अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन) की खरीदी 15 फरवरी से 15 मई 2025 तक होगी। रवी फसलों (चना और मसूर) की खरीदी 01 मार्च से 30 मई 2025 तक होगी । सरसों की खरीदी 15 फरवरी से 15 मई 2025 तक चलेगी। कलेक्टर ने जिले के सभी कृषक बंधुओं से अपील कि है कि वे पीएम आशा योजना के तहत अधिसूचित फसलों का पंजीयन शीघ्रता से कराएं ताकि वे इस योजना के लाभों का समय पर लाभ उठा सकें।

# नपं के सभागार में अध्यक्ष सिद्धांत ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़





शुक्रवार को नगर पंचायत नवागढ़ में विवादों के बीच नवनिर्वाचित अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। पहले ही आयोजन में नगर पंचायत पूरी तरह विवादों में घीरता हुआ नजर आया। दरअसल निर्दलीय जीत कर आए अध्यक्ष सिद्धांत चौहान एवं सीएमओ नवागढ़ के बीच शपथ ग्रहण के स्थल को लेकर तनातनी की स्थिति निर्मित हो गई और अंततः नगर पंचायत के सभागार में अकेले ही अध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई, जबकि आज शनिवार को भाजपा के पार्षद एवं समर्थित पार्षदो का शपथ ग्रहण समारोह पूरी भव्यता के साथ बस स्टैंड परिसर में आयोजित है।

उल्लेखनीय है कि अध्यक्ष सिद्धांत चौहान जनता के बीच सार्वजनिक स्थल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने की मांग कर रहे थे, लेकिन सीएमओ ने नगर पंचायत के सभागार में ही शपथ ग्रहण की तैयारी कर रखी थी। शुक्रवार की सुबह जब अध्यक्ष नगर पंचायत पहुँचे तो सभागार में शपथ ग्रहण की बात सुनकर नाराजगी जताई, और स्थान बदलने की मांग की। उनके साथ बड़ी संख्या में आए नगरवासियों ने भी सिद्धांत का शपथग्रहण सार्वजनिक स्थल पर करने की मांग की लेकिन उपस्थित एसडीएम,तहसीलदार एवं सीएमओ ने नगरी निकाय के नियमों का हवाला देकर लोगो की एक न सुनी और अंततः विवश होकर सिंद्धान्त चौहान ने पंचायत के सभागार में ही शपथ लिया। जबकि उक्त स्थल में शपथ ग्रहण में पहुचे नगरवासियों के बैठने की न ही पर्याप्त व्यवस्था थी और न ही पर्याप्त जगह। फिर भी लोग गर्मजोशी के साथ सिंद्धान्त के शपथग्रहण के गवाह बने।

### बालोद में नपाध्यक्ष और पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह आज

**बालोद**। नगर पालिका परिषद् बालोद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं पार्शदगणो का शपथ ग्रहण समारोह 8 मार्च को नगर पालिका कार्यालय के सामने पुराना टाउनहाल परिसर बालोद मे आयोजित किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरूण साव होंगे। अध्यक्षता सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र भोजराज नाग करेंगे।

#### ये भी रहेंगे उपस्थित

अति विशिष्ट अतिथि मे महापौर नगर निगम धमतरी प्रदेश महामंत्री भाजपा छ.ग जगदीश रामू रोहरा, प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री अविभाजित मध्यप्रदेश कृपाराम साहू, जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू, पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग यशवंत जैन, निवृतमान जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद पवन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद लीला शर्मा, अध्यक्ष भाजपा मंडल बालोद अमित चोपड़ा उपस्थित रहेंगे।

# एसएसपी ने थाना परपोड़ी परिसर में किया जनता प्रतीक्षालय का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जनता को मिलेगी शुद्ध पेय जल और अच्छी व्यवस्था



पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना परपोडी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार व थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक डी.एल. सोना की मौजूदगी में पुजा अर्चना कर थाना परपोडी परिसर में जनता प्रतिक्षालय का रिबन काट कर उद्घाटन किया गया। एसएसपी रामकृष्ण साहू ने इस दौरान कहा कि आम जनताओं की समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से जनता प्रतिक्षालय का उद्घाटन किया गया हैं जहां शुद्ध पेय जल और अच्छी व्यवस्था मिल सकें । उन्होंने कहा थाना परपोडी परिसर में जनता प्रतिक्षालय बनाने का उद्देश्य यह है कि ग्रामीण अंचल से दूर दराज से आम जनमानस अपनी समस्या/शिकायत लेकर बरसात एवं गर्मी के दिनों में आते है तो वह वहां बैठ सकें और शुद्ध पेय जल और गुड खा कर आम जन मानस शांति पूर्ण ढंग से अपनी समस्या/शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा सकें। थाना परपोडी परिसर में जनता प्रतिक्षालय बनने से निश्चित रूप से आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी।

जनता प्रतिक्षालय आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान रख कर बनाया गया है। ताकि किसी प्रकार की समस्या ना हो और अपनी समस्या/शिकायत शांति पूर्ण ढंग से दर्ज करा सकें। साथ ही सभी अधिकारियो से व जवानो को आमजन/ महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने, उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक छोटेलाल बंजारे, प्रधान आरक्षक डामेश्वर राजपूत, आरक्षक पुरूषोत्तम कुंभकार, गोकुल सोनी, मुकेश पाल, श्रवण वर्मा, पीयुष सिंह, शिव कुमार यादव, फत्ते पाटिल, कमलेश साहू, रवि सिन्हा, दीनदयाल मिरे, तारकेश्वर साहू सहित अन्य स्टाफ व थाना परपोडी क्षेत्रांतर्गत के ग्राम कोटवारगण उपस्थित रहे।

# क्षेत्र के विकास के लिए पूरी ताकत झोंक दूंगी : मधु रॉय

## नहीं होगी फंड की कमी, सरपंचों के साथ तालमेल बैठा कर करेंगे काम







हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शुक्रवार को निकली क्षेत्र क्रमांक 07 से नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय की आभार रैली के दौरान दर्जनभर से ज्यादा गाँवो में जगह-जगह स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं और नागरिकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

भाजपा के पदाधिकारियों और नागरिकों ने बाजे-गाजे, आतिशबाजी व पुष्पवर्षा कर मधु रॉय का स्वागत किया। रैली में खुली गाड़ी में जिला पंचायत सदस्य मधु क्षेत्रवासियों और कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए सभी का आभार व्यक्त कर रहे थे। ग्राम नेवशा में सरपंच, जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामवासियों ने मधु का फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया।

आभार रैली का ग्राम मुरकुटा, भिमपुरी, घोठा, झांकी, करमन, अमलीडीह, बोइरकछरा, नेवशा, धोबनीखुर्द,बाघुल, बघुली, टुरासेमरिया,रिसामली, गोपालभैना, तोरा आदि गाँवो में जगह-जगह स्वागत प अभिनंदन किया। इस दौरान मधु गाड़ी से उतरकर पैदल चलते हुए बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए नजर आई। रास्ते भर ग्रामीणों ने अपने जिला पंचायत सदस्य का स्वागत फुल, माला, बुके और नारियल भेंट कर आरती उतारी गई।

आपको बता दें कि लोगो के उत्साह और रास्ते भर गुलाल की बौछार से ऐसा महसुस होने लगा मानो होली पहले ही आ गई हो। स्वागत करने के लिए लोगो में एक तरह से जुनुन नजर आ रहा था। इस स्वागत से अभिभूत मधु रॉय ने कहा कि यह जीत आप सबकी जीत है। यह जीत हमारे जांबाज कार्यकर्ताओं, आम मतदाताओं, मातृ शक्तियों, युवाओं एवं तमाम शुभचिंतकों की जीत है। इस जीत को क्षेत्र के प्रत्येक कार्यकर्ताओं, शुभ चिंतकों एवं मतदाताओं को समर्पित करती हूं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वह पूरी ताकत झोकेंगी। जनता ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है इस पर वह खरा उतरेंगी।

### नगर में अध्यक्ष के साथ किया भ्रमण

नवागढ़ नगर में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सिंद्धान्त चौहान के साथ मधु रॉय ने नगर भ्रमण करते हुए बस स्टैंड सहित व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आभारी व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में सिंद्धान्त के समर्थक उपस्थित रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा धोखाधड़ी का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धोखाधड़ी के आरोपी को पकड़ने में बालोद पुलिस को सफलता मिली है। ग्रामीणों से बर्तन चमकाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से पीतल, कांसा, स्टील, जर्मन के 526 किग्रा वजनी बर्तन एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जब्त की गई है। ग्रामीण क्षेत्र में भोले भाले लोगो के साथ की धोखाधड़ी का पुलिस ने खुलासा किया है। धारा 318(4) बी.एन.एस. के अपराध में धोखाधड़ी कर ग्रामीणों से लियें बर्तन सहित अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु थाना गुण्डरदेही एवं सायबर सेल बालोद से विशेष टीम गठित किया गया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान ग्रामीणों से जानकारी एकत्रित कर अज्ञात व्यक्ति की पता तलाश में टीम द्वारा आस–पास के शरहदी जिलो में टीम रवाना किया गया था जिसे मुखबिर सूचना द्वारा जानकारी प्राप्त हुआ कि धमतरी क्षेत्र में किरायें के मकान में गलत नाम व पता बताकर रहने की सूचना पर टीम द्वारा तस्दीक किया गया जो अपना नाम कृष्णा यादव पिता राधेलाल यादव के नाम से रह रहा था जिसका सही नाम शेख सागर पिता शेख सादिक उम्र 34 वर्ष साकिन साहपुकुर (मध्यराम कृष्णापुर) थाना उमरगंज जिला दक्षिण दिनाशपुर पश्चिम बंगाल, हाल किरायें के मकान संजय नगर गोसाई चौक थाना टिकरापारा जिला रायपुर (छ0ग0) का होना पाया गया। आरोपी की पहचान कार्रवाई प्रार्थी से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट गुण्डरदेही द्वारा कराया गया। आरोपी के विरूद्ध सबूत पाए जाने से विधिवत 07 मार्च 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### तीन दिवसीय कबीर ग्रंथ सत्संग समारोह का आयोजन

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 06 मोहभट्ठा में 7, 8 और 9 मार्च को तीन दिवसीय श्री सदगुरु कबीर ग्रंथ सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। शुक्रवार 7 मार्च विभिन्न टोलियों ने श्री सदगुरु कबीर साहेब की महिमा का गुणगान करते हुए ग्रंथ प्रारंभ किए। यह आयोजन वार्डवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

### जय शीतला मानस मंडली द्वारा एकदिवसीय मानस गान का आयोजन

**थानखम्हरिया।** धार्मिक गतिविधियों के प्रचार, प्रसार के लिए धर्म के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने वाली संस्था है।मानस संघ साजा के नेतृत्व में क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक आयोजन किया जा चुका है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए, जय मां शीतला मानस मंडली वार्ड क्रमांक 15 (शिव मंदिर) प्रांगण (भाटापारा) में 8 मार्च शनिवार को एक दिवसीय मानस गान सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की प्रस्तुति शिव शक्ति मानस मंडली थान खमरिया, गुरु कृपा मानस मंडली दर्री, जय शारदा मानस मंडली चीज गांव, जय मां शारदा मानस मंडली पलेनी, जय मां चंडी मानस मंडली करमु अपनी प्रस्तुति देगी। कार्यक्रम सुबह 8:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक आयोजित है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मानस संघ साजा अध्यक्ष भरत साहू, सुरेश साहू शक्ति केंद्र अध्यक्ष श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया उपस्थित रहेंगे। व ग्रामीण अंचल व नगर के श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में हरिश्चंद्र साहू, मनोज सिन्हा, गणेशु साहू तैयारी में लगे है।

### सेजेस सिंघौरी के तीन छात्रों का इंस्पायर अवॉर्ड योजना में चयन

बेमेतरा। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिंघौरी बेमेतरा को इंस्पायर अवॉर्ड योजना 2024 - 25 के अंतर्गत तीन छात्रों का चयन हुआ, जिनमें अनुकृति कश्यप कक्षा नवमी, ग्रेसी साहू कक्षा दसवीं, डॉरक्स पिल्लई कक्षा दसवीं शामिल हैं। बता दें कि इंस्पायर अवॉर्ड योजना, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक योजना है. इसका मकसद, छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ाना और उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रभारी शिक्षक समीर यादव, तुषार सर्वे, विभा विश्वकर्मा के मार्गदर्शन पर यह उपलब्धि प्राप्त हुआ। इन उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य श्री राम गोपाल चंद्राकर स्कूल समन्वयक श्री धनीराम बंजारे तथा समस्त स्कूल स्टाफ के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

### जिला सहकारी विकास समिति की चतुर्थ बैठक 10 मार्च को

**बालोद।** छत्तीसगढ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की चतुर्थ बैठक 10 मार्च 2025 को आयोजित की गई है। उप पंजीयक एवं संयोजक सदस्य जिला सहकारी विकास समिति ने बताया कि सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने एवं उसकी जमीनी स्तर पर पहुँच बनाने हेतु जिला सहकारी विकास समिति का गठन किया गया है। जिसकी चतुर्थ बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 10 मार्च को शाम 4 बजे आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों को उपस्थित होने को कहा है।

**सौगात : दोनों जिले के दस हजार से अधिक हेक्टेयर में सिंचाई की मिलेगी सुविधा**

# सहगांव उद्वहन सिंचाई परियोजना से 75 गांव में होगी सिंचाई, परियोजना में 212 करोड़ रुपए होगा खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिंचाई के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव को जिला प्रशासन ने राज्य शासन को भी भेज दिया है। इस प्रोजेक्ट के जमीनी स्तर पर लागू होने से सिंचाई के क्षेत्र में बडी क्रांति



आएगी। सहगांव उद्वहन सिंचाई परियोजना में करीब 212 करोड रूपए खर्च किया जाएगा। इस परियोजना के जरिए बेमेतरा और दुर्ग जिले के दस हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा। इस परियोजना से दोनो जिले के 82 से अधिक गांव के किसान न सिर्फ लाभान्वित होगें, बल्कि यहां जलस्तर में भी सुधार होगा। इस समस्या को जमीनी स्तर पर लागू करने सांसद विजय बघेल प्रयासरत है। उनके ही कार्यकाल में इस परियोजना का सर्वे कर करीब 212 करोड रूपए का प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को भेजा गया है। राज्य शासन से स्वीकृति मिलने के बाद इस परियोजना के जरिए किसानों को खेती के क्षेत्र में बडी उपलब्धि हासिल होगी।



अफसरों ने बताया कि, इस प्रस्ताव को भेजे सालभर बीत चुके हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि, इस वर्ष के बजट में इस प्रोजेक्ट के लिए राशि स्वीकृत की जाएगी।

बता दें कि बेमेतरा ओर दुर्ग के ऐसे किसान जो रबि फसल से वंचित थे। उन्हें इसका लाभ मिलेगा। जानकारी अनुसार सहगांव उद्ववहन सिंचाई परियोजना के तहत बेमेतरा और दुर्ग के जिस 82 गांव को शामिल किया गया हैं। इन क्षेत्रों के किसान मेहनतकश होने के बाद भी दो सीजन की खेती नही कर पा रहे है। जलस्तर ड्राई होने के कारण वे रबि की फसल नही ले पाते है।

**भूअर्जन के लिए सवा पांच करोड़ का प्रावधान :** इस परियोजना को लेकर 2.75 हेक्टेयर भूमि और पाइपलाइन के लिए 5.00 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के दायरे में आ रहा हैं। इसके लिए भी जलसंसाधन विभाग ने 525 लाख रूपए का प्रावधान प्रस्ताव में भेजा हैं। इस परियोजना में बडी बात यह है कि, यह सिर्फ सिंचाई नही बल्कि उद्योग के डिमांड पर भी जल उपलब्ध कराया जाएगा। यह परियोजना दुर्ग मुख्यालय से 27 किमी की दूरी पर हैं। यह दुर्ग बेमेतरा मार्ग से जुडा हुआ हैं। इस परियोजना के लिए 1700 हार्सपावर के छः नग पंपो में से चार नग पंप नियमित रूप से संचालित होगें। दो नग पंप रिजर्व में रहेगें। यहां चौकीदार सहित अन्य व्यवस्था प्रोजेक्ट में की गई हैं।

### सांसद बघेल ने दिया प्रस्ताव बेमेतरा, दुर्ग ओर अहिवार के 82 से अधिक गांव शामिल

इस परियोजना को लेकर सांसद विजय बघेल जहां पूरा करने पर जुटे हैं वही इस परियोजना को लेकर अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा और बेमेतरा विधायक दीपेश साहू की भी अनुशंसा है। किसानों की महती मांग पर सांसद ने राज्य शासन को इस अनुशंसा के जरिए प्रस्ताव भेजा गया है। इस परियोजना में दुर्ग, अहिवारा और बेमेतरा के 82 से अधिक गांव शामिल हैं। इसमें घटियाखुर्द, पाहरा, मुड़पार, घटियाकला, करेली, चंडी, तिलई, बांसा, देवादा, सांकरा, हसदा, नेवनारा, खुड़मुड़ा, अकोली, बहेराकुसमी, आनंदगांव, तेलगा, खर्रा, कुम्ही, सोरला, तारालीम, भांड, बहेरा, मटिया, बारगांव, सरदा, अछोली, लवतारा, लेंजवारा, भिलौरी, सुरजपुरा, टकसींवा, तिलघट (लोर), देवरी, टठिया, सुरहोली, गोड़गिरी, सिलघट, बेरला, करामाल, सहगांव, भटगांव जैसे 82 गांव शामिल हैं।

### बेमेतरा ओर दुर्ग के किसान होंगे लाभान्वित

सहगांव उद्वहन सिंचाई परियोजना के तहत बेमेतरा के तांदुला जलाशय के जरिए पानी लिया जाएगा। यहां से पानी सहगांव में एनीकट बनने के बाद लिफ्ट कर पहुंचाया जाएगा। फिर सहगांव से दुर्ग के सोलह और बेमेतरा के 66 गांव तक करीब 10 हजार चार सौ हेक्टेयर रकबा को सिंचित किया जाएगा। इसके लिए जल संसाधन विभाग ने जमीनी स्तर पर सर्वे कर प्राक्कलन सरकार को भेज दिया है। अब निर्देश का इंतजार हैं।

#### किसानों को मिलेगा लाभ

सहगांव उद्ववहन सिंचाई परियोजना से बेमेतरा,दुर्ग ओर अहिवारा के सैकडों किसान लाभान्वित होगें। राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया हैं। शीघ्र ही परियोजना चालू होगी

**- विजय बघेल,** सांसद

#### प्रस्ताव भेजे गए

जल संसाधन विभाग द्वारा सहगांव परियोजना को लेकर प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद प्रोजेक्ट का कार्य शुरू किया जाएगा।

**- आशुतोष सारस्वत,** ईई जलसंसाधन विभाग

## पीएम आवास योजना : सर्वे कार्य में तेजी, 31 मार्च तक पूर्ण होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आगामी पांच वर्षों (2024-25 से 2028-29) तक पात्र परिवारों को आवास प्रदान करने के लिए सर्वे कार्य जारी है।

इस उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत में पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें आवास प्लस सूची में शामिल किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल ने बताया सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और आवास मित्र को प्रगणक नियुक्त किया गया है, जो आवास प्लस ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण कर रहे हैं। किसी भी पात्र परिवार का नाम यदि छूट जाता है, तो वह संबंधित ग्राम पंचायत सचिव




से संपर्क कर अपना सर्वे करवा सकता है। इस संबंध में हाल ही में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली थी ।

### सर्वे पूरी तरह निःशुल्क

सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस सर्वे के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर कोई व्यक्ति सर्वेक्षण के बदले राशि मांगता है, तो हितग्राही जनपद पंचायत या जिला पंचायत में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### 31 मार्च 2025 अंतिम तिथि

भारत सरकार ने 31 मार्च 2025 को अंतिम तिथि निर्धारित की है। इसके बाद किसी भी परिवार का सर्वेक्षण संभव नहीं होगा, न ही कोई दावा-आपत्ति स्वीकार की जाएगी।

**स्वयं भी करा सकते हैं सर्वे:** पात्र हितग्राही स्वयं भी सर्वेक्षण कर सकते हैं। इसके लिए https://pmayg.nic.in/infoapp.html से आवास प्लस एप्लिकेशन डाउनलोड कर आवश्यक जानकारी भर सकते हैं।

इस योजना के तहत पात्र परिवारों को शीघ्र लाभ दिलाने के लिए प्रशासन ने कार्य में तेजी ला दी है। संबंधित हितग्राही जल्द से जल्द ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक या आवास मित्र से संपर्क कर अपना नाम सूची में दर्ज कराएं।

### किन्हें नहीं मिलेगा योजना का लाभ?

सरकार द्वारा योजना के लिए पात्रता संबंधी संशोधित मापदंड जारी किए गए हैं। निम्नलिखित परिवार इस योजना के अंतर्गत लाभ नहीं उठा सकेंगे।

1. मोटरयुक्त तिपहिया / चौपहिया वाहन वाले परिवार।
2. मशीनीकृत कृषि उपकरण रखने वाले परिवार।
3. 50,000 रुपये या अधिक की ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड धारक।
4. सरकारी कर्मचारी का सदस्य होने वाले परिवार।
5. सरकार में पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम वाले परिवार।
6. जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से अधिक है।
7. आयकर या व्यवसाय कर देने वाले परिवार।
8. 2.5 एकड़ या अधिक सिंचित भूमि वाले परिवार।
9. 5 एकड़ या अधिक असिंचित भूमि वाले परिवार।

## जगन्नाथपुरी की अध्ययन यात्रा में शामिल हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

■ विद्यार्थियों ने भगवान जन्नगनाथ के बारे में जाना और समझा

नगर स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल देवकर के वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने तीन दिवसीय अध्ययन यात्रा हेतु उड़ीसा की यात्रा की, इस अध्ययन यात्रा दल ने पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर चंद्रभागा बीच ,कोणार्क सूर्य मंदिर, लिंगराज मंदिर, नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क एवं उदयगिरि खंडगिरि आदि की यात्रा की। इस अध्ययन यात्रा दल को प्राचार्य अनिल कुमार दहले का मार्गदर्शन वही व्याख्याता



वाणिज्य अंकिता देशमुख एवं ज्योत्सना लकड़ा के नेतृत्व में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने भगवान जन्नगनाथ के बारे में जाना समझा वही बच्चो ने भगवान जगनाथ से जुडी सात आश्चर्यो को देखा समझा जाना उक्त शैक्षणिक भ्रमण में अंकित, आकांक्षा, दीपांशु, सोनम, ओम ,विवेक, कृष्ण, हर्ष, विधि एवं भूमिका आदि शामिल थे। ये भ्रमण छात्रों को व्यावहारिक शिक्षण अनुभव प्रदान करने तथा विविध संस्कृतियों और वातावरणों से परिचित कराने में शैक्षिक यात्राओं के महत्व पर प्रकाश डालते हैं।

## सीसी रोड एक साल बने नहीं हुए कि दर्जनों जगह आयी बड़ी-बड़ी दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खम्हरिया एम में पंचायत कार्यालय से लेकर सड़क मार्ग तक बने सीसी रोड एक साल बने नहीं हुए कि दर्जनों जगह पर दरारें आ गई है। इससे ग्रामीणों में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर सवाल खड़े हो रहे है।

■ गुणवत्ताहीन निर्माण पर खड़े हो रहे हैं सवाल

वही बिना कोई जांच व गुणवत्ताहीन मटेरियल की उपयोगिता के चलते चंद महीनों में ही सड़क की दशा ही बदल गई है। ठेकेदार की लापरवाही व घटिया निर्माण के अंचल के जनप्रतिनिधियों व संबंधित आला अधिकारियों के नाम धूमिल करने



का काम कर रहे है। इसके अलावा शासन प्रशासन द्वारा भेजे गए राशि संदक निर्माण को लेकर उनका खुलेआम दोहन व खानापूर्ति के चलते सड़क की दुर्दशा ही बिगड़ गई है। मोटी रकम कमाने के चलते सड़क में मटेरियल की कमी व गुणवत्ताहीन निर्माण किया जाना दर्जनों स्थानों पर दरार आ गई है। जिनका खामयाजा ग्रामीणों को झेलना पड़ रहे है। वही सड़क निर्माण में राशियों का बचत कर घटिया निर्माण किया गया।

## भाजपा के शरद कुंभकार निर्विरोध चुने गए नपं उपाध्यक्ष

### भाजपा की इस जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिता चंदन अग्रवाल व भाजपा नेताओं के प्रयास से कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों से आपसी समन्वय बनाकर वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद शरद कुंभकार को नगर पंचायत का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सुबह 11 बजे से नगर पंचायत में हलचल चालू हो गई थी। प्रशासनिक स्तर से तैयारी शुरू हो गई थी। निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार के आर वासनिक, तहसीलदार मोरजध्वज साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत देवांगन, थाना प्रभारी राजकुमार साहू ने अपने बल के साथ नगर पंचायत पहुंच गए थे। लेकिन 12 बजे भाजपा कांग्रेस के सभी पार्षद के आपसी समन्वय के कारण मतदान की नौबत नहीं आई और निर्विरोध उपाध्यक्ष के लिए शरद कुंभकार को निर्वाचित कर दिया गया। यह प्रक्रिया शांति ढंग से सद्भावना का परिचय दोनों पार्टियों ने दिया। एक दूसरे को सभी ने बधाई दी। कोई आतिश बाजी नहीं की गई। एक दूसरे को मिठाई खिलाते देखा गया। पूरे



कार्यक्रम में कांग्रेस के बड़े व छोटे नेता नादारद रहे।

### पूर्व में कराए गए विकास कार्यों का परिणाम है ये जीत

भाजपा की इस जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। पहली बार नगर पंचायत में पार्टी ने उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर शरद कुंभकार ने कहा कि यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत व सांसद विजय बघेल , विधायक ईश्वर साहू,अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल, के आशीर्वाद व पूर्व में कराए गए विकास कार्यों का परिणाम है।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर सभी पार्षद सहित , राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, रूद्रेश अग्रवाल, रोहित भारती, टिकम अग्रवाल, चेतन सिन्हा, अतुल सिंघानिया, जीवेश डोकानिया, हर्ष जोशी, घनश्याम ठाकुर, रामस्नेही नामदेव सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने 14 मार्च को घोषित किया शुष्क दिवस

**बालोद।** कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आदेश जारी कर जिले में 14 मार्च 2025 को होली (जिस दिन रंग खेला जाए) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है।

हरिभूमि **पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411







